भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2455
(09 मार्च, 2021 को उत्तर दिए जाने के लिए)

सिंहभूम में सड़कों का निर्माण

2455. श्रीमती गीता कोडा:

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सिंहभूम जिले के नोवामुंडी ब्लॉक के अंतर्गत भानगांव से करमपाड़ा तक की 10 किमी सड़क और मुंडसई से भानगांव तक की 2.30 किलोमीटर सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमजीएसवाई) के अन्तर्गत स्वीकृत किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या उक्त सड़कों का निर्माण समय पर पूरा नहीं हो सका है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;
(ग) क्या सरकार को भानगांव से करमपाड़ा तक सड़क निर्माण में अनियमितताओं की शिकायत मिली है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में ठेकेदारों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है; और
(घ) उक्त सड़कों का निर्माण कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

उत्तर
ग्रामीण विकास मंत्री
(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) से (घ): सिंहभूम जिले के नोवामुंडी ब्लॉक के अंतर्गत भानगांव से करमपाड़ा और मुंडसई से भानगांव तक की सड़कों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत स्वीकृत किया गया है जिसका ब्यौरा निम्नानुसार है:

सड़क का नाम	सड़क की लंबाई (कि.मी.)	पैकेज सं.	स्वीकृत लागत (करोड़ में)
L044 भानगांव से मुंडसई वाया करमपाड़ा से पीडब्ल्यूडी सड़क तक	10.01	JH22TKE038 (2016-17)	4.83
L053 भानगांव से मुंडसई	2.30	JH22TKE119 (2017-18)	0.74

ऊपर उल्लिखित सड़कें फिलहाल निर्माणाधीन हैं और इन्हें 31 मई, 2021 तक बनाने का लक्ष्य है। वन भूमि से संबंधित मुद्दों के कारण इन सड़कों के निर्माण में विलंब हुआ। झारखंड राज्य से प्राप्त सूचना के अनुसार भानगांव से करमपाड़ा तक सड़क निर्माण में अनियमितता के संबंध में कोई शिकायत नहीं मिली है।

*****